# हिंदी

# प्रश्न पत्रिका

# एस.एस.एल.सी.

# २०१९

# स्माइल



मुवाट्टुपुषा

# बीरवहूटी

कहानी (प्रभात)

- उन्हें बीरबहूटियों से मिलता था।........प्यारी प्यारी बूदें। (4)

  इस घटना के आधार पर पटकथा तैयार करें।

- पेन में कुछ स्याही बची थी........दूकान पर पहूँचे। (4)

  इस घटना के आधार पर वार्तालाप (बातचीत) लिखें।

- बेला का मन खराब हो गया। माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी। (4)

  सुरेंदर माटसाहब के व्यवहार से बेला को बडा दुख हुआ, बेला के विचारों को डायरी के रूप में लिखें।

- अजमेर के होस्टल में साहिल बहुत अकेलापन महसूस कर रहा था। उसकी यादों में बेला और फुलेरा भरे हुए थे। उसने बेला के नाम पर पत्र लिखा था। साहिल का वह पत्र कल्पना करके लिखें। (4)

**हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था (टिप्पणी)**

- ''हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था'' कविता के आधार पर मानवीयता विषय पर टिप्पणी लिखें। (4)
- जीवन की समस्याएँ
- प्यार, सहानुभूति करुणा
- मनुष्यता का अहसास करना
- दूसरों की मदद

- सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| हम जानते हैं कि | मानवीय संवेदना होना ज़रूरी है |
| व्यक्ति को मैं नहीं जानता था | कि उसकी हताशा, निराशा, असहायता समझना |
| दो मनुष्यों के बीच | लेकिन हताशा को जानता था |
| जानने का मतलब है | यह व्यक्ति मुसीबत में है |

# टूटा पहिया

## कविता (धर्मवीर भारती)

- अभिमन्यु को क्यों दुस्साहसी क्यों कहा गया है? (2)
- ''सामना करना'' के अर्थ में सूचित करनेवाला मुहावरा कौन-सा है? (1)
- कवि और कविता का परिचय देते हुए कविता का प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। (4)
- ''चक्रव्यूह'' किसका प्रतीक है? (1)
- ''दुस्साहसी अभिमन्यु'' इसका विशेषण शब्द कौन-सा है? (1)

# आई एम कलाम के बहाने

## फिल्मी लेख (मिहिर)

- कौन-कौन से शब्द किन किन के लिए प्रयुक्य है?

  (तेरे को, मेरे को, काये की)

- नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें (2)

| | |
|---|---|
| वह हाथी पर चढता है | उसको हाथी पर चढ़ना आता है। |
| हम घोड़े पर चढ़ते हैं। | ........................................ |


- लेखक के लिए स्कूल यूनिफॉम बोझ थी........................ (1)

  स्वाभाविक था कि वह उसे ही शादी में पहनकर आता।

  खंड में विवाह के अर्थ में प्रयुक्त कौन-सा है?

- मोरपाल शादी में भी स्कूली यूनिफॉर्म पहनकर क्यों आता था? (2)
- खेल घंटी में मिहिर और मोरपाल अदला-बदली करता था। इस घटना के आधार पर दोनों के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)
- वाक्य पिरमिड की पूर्ती करें।

(शादी में, स्कूली युनिफॉम पहनकर)




- मोरपाल बिना नागा.....................हुआ करता। (4)

रविवार की छुट्टी मोरपाल जैसे बच्चों के लिए बुरा दिन हुआ करना बचपन की इस दुर्दशा के क्या-क्या कारण हो सकते हैं? इस पर एक टिप्पणी तैयार करें।

  - सामाजिक असमानता
  - बुनियादी सुविधाओं से वंचित
  - समभाव का अभाव
  - अमीर-गरीब का अंतर

- कलाम चोरी का इल्ज़ाम क्यों सह जाता? (2)
- लेकिन फिर कलाम है।...................................उन्हें अपनी दोस्ती के बारे में नहीं बताता।

- दोस्ती को बनाए रखने के लिए कलाम को काफ़ी कुछ सहना पड़ा। अपनी परेशानियों का जिक्र करते हुए कलाम गाँव के अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है। कलाम का संभावित पत्र तैयार करें।

- स्कूल में बिताए समय को .......... बच्चा बना रह सकता था। (T.B - 34) (4)
  - मोरपाल को रविवार छुट्ठी बुरी लगती थी। शनिवार के शाम को भी उसका मन अशांत होने लगता था। मोरपाल के उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखें।

- इसका मतलब क्या है?


  | | | |
  |---|---|---|
  | बाँछें खिल जाना | - | प्रशंसा करना |
  | वाहवाही करना | - | प्रशंसा करना |
  | नकल करना | - | अनुकरण करना |
  | इशारा करना | - | संकेत करना |
  | इलज़ाम लगाना | - | दोष लगाना |
  | दवा करना | - | चिकित्सा करना |

- रणविजय के चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें (4)
- कलाम तय करता है कि अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ. कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा। अपनी चिट्ठी में कलाम क्या-क्या बातें लिखि होगी? कल्पना करके लिखें।

## सबसे बडा शो मैन

- चार्ली की माँ स्टेज पर गाते वक्त उसकी आवाज़ फुसफुसाहट में बदल गयी। लोग चिल्लाने लगे। उसे स्टेज से हटाया गया। तभी चार्ली की माँ और मैनेजर के बीच का संभावित वार्तालाप कल्पना करके लिखें। (4)
- अंत में माँ जब उसे लेने आयी तो दर्शकों ने देर तक खडे होकर तालियाँ बजायी। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर माँ और दर्शक के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)
- चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार। इसके आधार पर माँ की डायरी लिखें। (4)
- दुनिया के सबसे बडे शो मैन का यह पहला शो था। प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर चार्ली की डायरी लिखें। (4)
- चार्ली चैप्लिन के फिल्मों का फेस्टिवल आपके स्कूल में होनेवाला है। उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें। (4)
- 'चार्ली चैप्लिन कालजयी कलाकार' विषय पर टिप्पणी तैयार करें। (2)
- कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर वाक्यपिरमिड की पूर्ती करें। (2)

(जैक जोन्स, मशहूर)



- मुहावरों का अर्थ लिखें

  तारीफ करना - प्रशंसा करना

  तब्दील होना - परिवर्तित होना

  जन्म लेना - पैदा होना

ठाकुर का कुआँ

- ''बोली'' - यह पानी कैसे पिओगे?............कुछ न होगा?
  - 'गंगी' के बदले 'जोखू' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखेऊ

    गंगी पानी लाएगी। (1)
  - ''हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।'' इस कथन पर आपका विचार क्या है? (2)
  - कहानी के अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)
- गंगी के हाथ से रस्सी छूट गइ। ................. गंदा पत्नी पी रहा है।
  - मान लें, भागी आई गंगी ने देखा कि जोखू लोटे का गंदा पानी पी रहा है। इस प्रसंग पर दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें। (4)
  - गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी - इसमें ''भागी जा रही थी'' क्रिया का सीधा संबंध वाक्य के किस शब्द से है?

    (जगत, गंगी, कूदकर)

संबंध पहचान सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| उसने गला मज़बूत किया | और घड़ा कुएँ में डाल दिया |
| गली-गली चिल्लाते नहीं | कि हम ऊँचे हैं, हम ऊँचे |
| किसी के लिए रोक नहीं | सिर्फ यह बदनसीब नहीं भर सकते |
| कल वह पानी लाई | तो उसमें बू बिलकुल न थी |

- गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों ........... हम ऊँचे हैं -
    - हम क्यों नीच है और ये लोग क्यों ऊँच है? यह किस सामाजिक समस्या की ओर संकेत है? (बेकारी, भ्रष्टाचार, जाति-प्रथा) (1)
    - ऊँच - नीच के भेद-भाव पर आपका विचार क्या है? लिख (2)
    - कहानी के आधार पर गंगी की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें (4)

## ठाकुर का कुआँ

- हाथ पाँव तुड़वा आएगी .................. पानी भरने देगें?
    - यह किसका कथन है?

      (ठाकुर का, गंगी का, जोखू का) (1)
    - गरीबों का दर्द कौन समझता है।

      'दर्द' के बदले 'पीडा' शब्द के प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें (1)
    - हाथ-पाँव तुडवा आएगी और कुछ न होगा।

      यहाँ कौन-सी सामाजिक समस्या पर इशारा है? इस पर एक लेख तैयार करें। (4)
- ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा?....................कुआँ गाँव में है नहीं। (4)
    - ठाकुर और साहू के कुओं से गंगी को पानी लेते नहीं देते हैं। कारण चुनकर लिखें।

      (क) पानी कम है (ख) पानी गंदा है (ग) छुआछूत की प्रथा है (1)
    - इस अंश से कौन-सी सामाजिक समस्या व्यक्त होती है? इसपर अपनी राय लिखें। (2)
    - जाति-व्यवस्था समाज का अभिशाप है सबको समानता का अधिकार है। इस विषय पर लघु लेख लिखें। (4)
    - जाति-प्रथा एक अभिशाप है। संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। (4)

- मैदानी बहादुरी का तो अब न ज़माना रहा है न माका। इसका मतलब क्या है?
- ठाकुर के कुएँ से सब लोग पानी नहीं के सकते थे। क्यों?
- मान लें, आपके स्कूल में ''जाति-प्रथा एक अभिशाप है'' - विषय पर संगोष्ठी चलानेवाली है, इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

**अकाल और उसके बाद**

- दाने आए घर के अंदर....................ऊपर कई दिनों के बाद। ''दाना नहीं तो खाना नहीं'' संकेतों की मदद से भोजन दुर्यव्यय के विरुद्ध टिप्पणी तैयार करें।
    - खेती की कमी
    - भोजन से वंचित परिवार
    - बचा भोजन का लेन-देन
    - भोजन संस्कृति में परिवर्तन
- कवि ने अकाल का चित्रण किस प्रकार किया है? यहा प्रकृति और समाज की किस स्थिति को सूचित किया है? (4)
- कवि ने अकाल के बाद की हालत का चित्रण किस प्रकार किया है? विश्लेषण करके टिप्पणी लिखें

**वसंत मेरे गाँव का**

- मान लें, इस साल भी उत्तराखंड में फूलदेई का त्योहार बडे धूम-धाम से मनाया-गया। इस पर एक रपट तैयार करें। (4)
- मान लें, फूलदेई के त्योहार के संबंध में एक बच्चा शहर के अपने मित्र को पत्र लिखता है। वह पत्र लिखें। (4)
- आपसी विश्वास के दम पर सदियों से वहाँ ये लेन-देन चल रहा है। इसके आधार पर उस गाँव के सामाजिक विशेषता पर टिप्पणी लिखें। (4)

- पशुचारक और गाँववाले के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)
- महीनों तक फैले चरागाहों, घने जंगलों और अनजान बस्तियों में भटकने के बाद अपने घर लौटने की खुशी उत्सव का माहौल रच देती है। वे गीत गाते हैं, मानचते हैं। पशुचारकों की वापसी पर एक समाचार तैयार करें। (4)
- नेहरु कला समिति के तत्वावधान में फूलदेई का त्योहार उत्तराखंड में धूम-धाम से मनानेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।
- विशषण शब्दों का संज्ञा से सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| पैदल | सडक |
| सर्पीली | यात्री |
| सुदूर | गंगा |
| बहती | दक्षिण |

- फूलदेई त्योहार के बारे में जानते के लिए किसी एक पत्रकार और गाँववाले के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)

**बच्चे काम पर जा रहे हैं**

- बालाश्र दुनिया भर में व्याप्त दुस्थिति है। बालमज़दूरी के विरुद्ध पोस्टर तैयार करें। (4)
- ''कुछ बच्चे सामाजिक सुख-सुविधआओं से वंचित है।'' इस विषय पर टिप्पणी लिखें। (4)
- ''बलाश्रम सबसे बडी सामाजिक समस्या है।'' इस समस्या के समाधान के लिए आपका सुजाव क्या-क्या है? (4)
- ''शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है।'' इस विषय पर एक पोस्टर तैयार करें। (4)

- क्या अंतरिक्ष में गिर गई है सारी गेंदें - रेखांकित शब्द का संबंध वाक्य के किस शब्द से है। (1)
- ''बडे सबेरे कोहरे ढँकी सडक पर बच्चे काम पर जा रहे हैं।'' ऐसा एक दृश्य देखकर कवि को बडा दुख हुआ। उस दिन कवि ने अपनी डायरी में क्या-क्या लिखा होगा। कल्पना करके लिखें। (4)
- मैदान, बगीचा आंगन आदि बच्चों की दुनिया के हिस्से हैं। इस पर आपका विचार क्या है? (2)
- भयानक है इसे विवरण की तरह..................सवाल की तरह। ऐसा क्यों कहा गया है?

## गुठली तो पराई है

- गुठली की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। (4)
- घर से दुखी होकर निकली गुठली रास्ते में अपनी सहेली अनु से मिली। दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें। (4)
- अपनी दीदी के साथ विताएँ मज़ेदार दिनों की याद करते हुए गुठली अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखा। गुठली का वह पत्र लिखें। (4)
- जैसे तैसे पूजा पाठ के बाद..............सकता तो मेरा..........। (1)
    - यहाँ 'मुँह उतरा गया' - का मतलब क्या है?

      (उदास हो गई)
    - अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते-ताऊजी के इस कथन पर आपकी राय क्या है?' (2)
    - ताऊजी के कथन पर किस सामाजिक समस्या पर संकेत है। इस पर टिप्पणी लिखें। (4)

- समाज में लडकी का स्थान
- लडका और लडकी का भेदभाव
- समानता का अधिकार

- ''स्त्री समाज की नेत्री।'' इस विषय पर एक पोस्टर तैयार करें। (4)
- सामाजिक असमानता के खिलाफ गुठली आवाज उठाती है। स्त्री-पुरुष असमानता के विरुद्ध आप क्या-क्या कर सकते हैं टिप्पणी लिखें। (4)
- आपके जीवन में भी माँ की प्यार सांत्वना के कई मौके आए होंगे। किसी एक प्रसंग का जिक्र करते हुए मित्र के नाम लिखें। (4)
- ताऊजी का डाँट सुनते ही गुठली वहाँ से भाग गई। वह अपने अनुभवों को डायरी में लिखने लगी। (4)

  गुब्ली की डायरी कल्पना करके लिखें।
- शादी का कार्ड मिलते ही गुठली उदास हो गई। कहानी के इस प्रसंग में गुठली ताऊजी से शिकायत करते हुए बातें कर रही है। गुठली और ताऊजी के बीच संभावित बातचीत लिखें।
- बुआ हमेशा नसीहतें देकर गुठली को परेशान कर देती है। इस प्रसंग पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)

## दिशाहीन दिशा

- ''दिशाहीन दिशा'' के अब्दुल जब्बार का व्यक्तित्व बडा प्रभावशाली है। उसके चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। (4)
- उन दिनों..................निश्चय कर लिया।
  - उन दिनों नौकरी छोड दी थी।

    रेखांकित शब्द के बदले ''काम'' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पनर्लेखन करें। (1)
  - तुरंत यात्रा का निश्चय किया क्यों? (2)

- दिल्ली के एक मित्र ने..................प्राप्त हो सकती है।
  - मान लें, गर्मी की छुट्टियों में आप गोआ जाना चाहते हैं। इसकी जानकारी देते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखें। (4)
  - गोआ की ज़िंदगी बहुत सस्ती है। लेखक के इस कथन से आप क्या समझते हैं? (2)
- ''अब लौट चलें साहब'' ................. हम लौट कर नहीं चलेंगे।
  - उपरोक्त प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)
  - अविनाश ने अपना कोट उतार कर मल्लाह को दे दिया। इसके लिए क्या-क्या कारण है? (2)
  - सर्दी शब्द विलोम शब्द लिखें (1)

    (गर्मी, ठंडी)
  - 'उसने' कहा। (1)

    उसने में निहित सर्वनाम कौन-सा है?
- मल्लाह की आवाज़ अविनाश के कानों में देर तक गूँजता रहा। यात्रा के अनुभवों का जिक्र करते हुए अविनाश की डायरी लिखें। (4)
- भोपाल स्टेशन पर....................रह जाना पडा।

  मोहन राकेश और अविनाश के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)

  अविनाश और मोहन राकेश के बीच की मित्रता का कौन-सी विशेषता का परिचय मिलता है? (2)
- सुनाने का 'अंदाज़' शायराना था। (1)

  अंदाज के बदले 'शैली' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें।
- भोपाल के आम जीवनी की ज़िंदगी से गज़लों का क्या रिश्ता है? (2)

- वहाँ आकर अविनाश के मन में............मल्लाह हाथ जोडकर बोला।
    - ''मैं गो तो नहीं सकता हुज़ूर''

      ''मैं'' के बदले ''बच्चे'' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। (1)
- नाव में बैठे लेखक और मल्लाह के बीच की संभावित बातचीत लिखें। (4)
- उपरोक्त प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)
- तीसरी गज़ल सुनाकर वह खामोश हो गया.............अब होने लगा। (4)
    - अनुपम यात्रा का का अनुभव बाँटते हुए मोहन राकेश अपने पुराने मित्र के नाम पर पत्र लिखता है। वह पत्र कल्पना करके लिखें।
    - उसके खामोश हो जाने से सारा वातावरण बदल गया। इसका लेखक पर कौन-सा प्रभाव पडा? (2)